पत्रांक–02 / एम.01–11 / 2026–**515**

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

मनोरंजन कुमार
निदेशक(प्रशासन)।

सेवा में,

सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक
सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार।

पटना, दिनांक–**29.04.2026**

विषयः– **बिहार शिक्षा सेवा (प्रशासन उप संवर्ग) के पदाधिकारियों का सेवा इतिहास तैयार करने हेतु वांछित सूचना उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।**

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–384 दिनांक–08.04.2026 एवं पत्रांक–507 दिनांक–28.04.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का संदर्भ ग्रहण किया जाए जिसके द्वारा बिहार शिक्षा सेवा (प्रशासन उप संवर्ग) के पदाधिकारियों का सेवा इतिहास तैयार करने हेतु वांछित सूचना उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया गया है।

2. **विभागीय स्मार पत्रांक–507 दिनांक–28.04.2026 में ऐसे अभिलेख उपलब्ध कराने की तिथि टंकण भूलवश दिनांक–20.04.2026 अंकित हो गयी है। इसे शुद्धित रूप में दिनांक–08.05.2026 पढ़ा जाए।**

3. इस संबंध में अनुरोध है कि स्वयं एवं अपने अधीनस्थ बिहार शिक्षा सेवा के सभी पदाधिकारियों को निम्नांकित निदेश देना चाहेंगे–

1. विहित प्रपत्र में सूचनाओं को अंकित करते हुए सभी संबंधित अभिलेख (स्व अभिप्रमाणित) की प्रति क्रमबद्ध रूप में एक फ्लाईलीफ (पत्रावरण) में संधारित करने के उपरांत पत्रावरण के पृष्ठ पर पदाधिकारी का नाम पदनाम वर्ष–2026 का सिविल लिस्ट क्रमांक एवं वर्तमान पदस्थापित कार्यालय / विभाग का नाम अंकित करते हुए **दिनांक 08.05.2026 तक** निश्चित रूपेण विभाग के प्रशाखा 2 में उपलब्ध कराया जाए।
2. इसके साथ ही सभी अभिलेखों / प्रमाण पत्रों का अलग–अलग पी.डी.एफ. डाक्यूमेंट उदाहरणतः शैक्षणिक प्रमाण पत्र में स्नातक इत्यादि का अलग–अलग पी.डी.एफ., इसी प्रकार स्थानांतरण की स्थिति में अधिसूचना, प्रभार ग्रहण, प्रभार त्याग का अलग–अलग पी.डी.एफ. डाक्यूमेंट तैयार कर पेन ड्राईव (नाम के स्लीप के साथ) में भी उपलब्ध कराया जाए।

विश्वासभाजन,

29/04/2026

(मनोरंजन कुमार)
निदेशक(प्रशासन)।

ज्ञापांक :– 02 / एम.01–11 / 2026– **515** पटना, दिनांक :–**29.04.2026**

प्रतिलिपि :– बिहार शिक्षा सेवा (प्रशासन उप संवर्ग) के कार्यरत पदाधिकारियों को विभागीय वेबसाईट के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि यथानिर्दिष्ट अभिलेख दिनांक–08.05.2026 तक उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

निदेशक(प्रशासन)।

ज्ञापांक :– 02 / एम.01–11 / 2026– **515** पटना, दिनांक :–**29.04.2026**

प्रतिलिपि :– माननीय उप मुख्य (शिक्षा) मंत्री के आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, शिक्षा विभाग / सचिव, शिक्षा विभाग / प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि. / निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् / राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम / निदेशक (मा०शि०) / निदेशक (प्रा०शि०) / निदेशक (उ०शि०) / निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना / निदेशक, जन शिक्षा / निदेशक, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण परीक्षा बोर्ड / निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना निदेशालय / सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना / सचिव, संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना / सचिव, मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना / आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक (प्रशासन)।